**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून से 'आदि कैलाश परिक्रमा रन' का फ्लैग–ऑफ किया, कहा– सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन को मिलेगा नया आयाम।
- विद्यालयी शिक्षा विभाग आगामी 23 सितम्बर से राज्यभर में 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम की शुरूआत करेगा, विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ छात्रों के साथ अपने अनुभव करेंगे साझा।
- प्रदेशभर में आज श्रद्धा और परंपरा के साथ महालया मनाया जा रहा है।
- दुबई में एशिया कप टी–20 क्रिकेट के सुपर 4 के दूसरे मुकाबले में आज रात आठ बजे भारत का मुकाबला पाकिस्तान से।

## आदि कैलाश मैराथन

राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 02 नवंबर 2025 को गूंजी गांव से आदि कैलाश मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साहसिक और शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने, युवाओं को स्वस्थ जीवन के लिए प्रोत्साहित करने और नशा मुक्त उत्तराखण्ड के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह अल्ट्रा मैराथन 10,300 से 15,000 फीट ऊंचाई पर होगी। इसको लेकर आज मुख्यमंत्री ने प्रोमो रन का फ्लैग ऑफ किया और लोगो का भी अनावरण किया। श्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य स्थापना का रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 02 नवंबर 2025 को व्यास घाटी में आदि कैलाश मैराथन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मैराथन न केवल खेल प्रतियोगिता है, बल्कि सीमावर्ती लोगों को सम्मान, स्थानीय पहचान तथा होम–स्टे एवं पर्यटन क्षेत्र में स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने का सशक्त माध्यम भी है। सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल ने कहा कि 10 किलोमीटर दूरी की इस दौड़ प्रतियोगिता के शीर्ष 3 विजेताओं को आदि कैलाश मैराथन में प्रतिभाग का अवसर मिलेगा।

## 'शिक्षा की बात'

प्रदेश में विद्यालयी शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा के तहत आगामी 23 सितम्बर से 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम की शुरूआत करेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह करेंगे। इस कार्यक्रम के जरिये विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां एवं प्रेरक व्यक्ति छात्र–छात्राओं से संवाद स्थापित कर अपने अनुभव साझा करेंगे, साथ ही छात्र–छात्राएं अपने सवाल भी उनसे पूछ सकेंगे। 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम का प्रदेशभर के 1300 विद्यालयों में सजीव प्रसारण किया जायेगा।

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' व 'मन की बात' कार्यक्रम की तर्ज पर प्रदेश में 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जायेगा। जिसका शुभारम्भ आगामी 23 तारीख को राज्यपाल द्वारा राजीव गांधी नवोदय स्कूल देहरादून में स्थापित केन्द्रीय वर्चुअल स्टूडियो से किया जायेगा। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रदेशभर के 1300 विद्यालयों में किया जायेगा। जिसमें 500 वर्चुअल क्लास व 800 हाईब्रिड मोड़ क्लास वाले स्कूल शामिल हैं।

## नमो युवा रन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के घंटाघर में  सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 'नमो युवा रन' का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों के साथ दौड़ में सम्मिलित होकर युवाओं का उत्साहवर्धन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नमो युवा रन' केवल एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि यह युवाओं में ऊर्जा, स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए 'फिट इंडिया मूवमेंट' को नई दिशा और व्यापक जनभागीदारी प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित युवाओं का आह्वान किया कि वे स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न नगर निकायों में स्वच्छता जागरूकता और सफाई अभियानों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में उधमसिंह नगर की गूलरभोज नगर पंचायत में पर्यावरण मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें सभी पर्यावरण मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। वहीं, काशीपुर के ठाकुरद्वारा वार्ड संख्या 6 में ब्रांड एम्बेसेडर संजय साह जगाती के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्र की सफाई के साथ लोगों और स्कूली बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और स्वच्छता एप्लिकेशन के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की अपील की गई। उधर, टिहरी गढ़वाल की नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती में स्वच्छता शपथ, जन–जागरूकता अभियान, कीटनाशक छिड़काव, कचरा ट्रांसफर यूनिट पर सफाई अभियान और सामूहिक स्वच्छता कार्य किए गए।

## महालया

प्रदेशभर में आज श्रद्धा और परंपरा के साथ महालया मनाया जा रहा है। शारदीय नवरात्रों से पूर्व यह दिन पितरों को तर्पण अर्पित करने और देवी दुर्गा के आगमन का आह्वान करने के लिए समर्पित होता है।

हरिद्वार, ऋषिकेश, टिहरी और पौड़ी सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में गंगा तटों और स्थानीय नदियों के किनारे तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु, पवित्र जल में स्नान कर विधिवत पिंडदान और तर्पण कर रहे हैं। पुरोहितों द्वारा वेदमंत्रों के साथ पूजा–अर्चना और पिंडदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। कई स्थानों पर सामूहिक तर्पण का आयोजन भी किया गया। कुमाऊं मंडल में भी देवी के मंदिरों में विशेष साफ–सफाई और पूजा का आयोजन किया गया है। नैनी देवी मंदिर, चितई गोलू मंदिर और जागेश्वर धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे हैं।

धार्मिक विद्वानों के अनुसार, महालया, देवी पक्ष की शुरुआत का प्रतीक होता है। इसी दिन से शारदीय नवरात्रों का आध्यात्मिक आधार तैयार होता है। महालया के दिन पितरों का स्मरण कर उनका आशीर्वाद लिया जाता है और माँ दुर्गा के पृथ्वी पर आगमन की तैयारी की जाती है।

## क्रिकेट

दुबई में एशिया कप टी–20 क्रिकेट के सुपर 4 के दूसरे मुकाबले में आज रात आठ बजे भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। भारत ने ग्रुप– मुकाबले में पाकिस्तान पर सात विकेट से जीत हासिल की थी।

## कृषि मंत्री गणेश जोशी

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तरकाशी में आपदा की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने सेब काश्तकारों के हित में बड़ा फैसला लिया है। किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सेब काश्तकारों की मांग के अनुरूप रॉयल डिलीशियस सेब का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 51 रुपए प्रति किलोग्राम और रेड डिलीशियस 45 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री लगातार किसानों के हित में निर्णय ले रहे हैं।

## बहुउद्देशीय शिविर

डोईवाला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कल 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला और नगर पालिका अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ विभागों द्वारा कुल 599 लोगों की स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में रक्तदान और दिव्यांगजन सहायता शिविर भी आयोजित किए गए। जनप्रतिनिधियों ने रक्तदान कर अन्य लोगों को भी प्रेरित किया। दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र और आवश्यक सामग्री वितरित की गई। इस दौरान अतिथियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सराहना की और केंद्र को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## नायब सूबेदार पार्थिव शरीर

नायब सूबेदार सुजीत कुमार प्रधान का पार्थिव शरीर देहरादून के गढ़ी कैंट पहुंचा। जहां सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री ने शहीद के परिजनों का ढाढ़स बंधाया और गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि 03 बटालियन जम्मू–कश्मीर राइफल (जैक राइफल) के नायब सूबेदार सुजीत कुमार प्रधान इन दिनों सूडान में यूनाइटेड नेशन पीस कीपिंग फोर्स में तैनात थे। बीमारी के चलते उनकी असामयिक मृत्यु हो गई।

## उपभोक्ता कार्य विभाग

उपभोक्ता कार्य विभाग ने अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि सोमवार से प्रभावी संशोधित जीएसटी दर और छूट लागू होने के बाद उपभोक्ताओं की संभावित शिकायतों के समाधान के लिए एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र–आईएनजीआरएम पोर्टल पर एक नई सुविधा शुरू की गई है। मंत्रालय ने कहा कि उपभोक्ता टोल–फ्री नंबर 1915 पर सत्रह भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।